पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राजभवन में दुर्गा पूजा एवं गरबा महोत्सव का आयोजन

राज्यपाल ने राजभवन में गरबा महोत्सव का शुभारम्भ किया

लखनऊ : 26 सितम्बर, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने मां दुर्गा के नौ दिवसीय पावन पर्व के अवसर पर राजभवन में आज माता की चौकी तथा मां दुर्गा की मूर्ति की स्थापना कर दुर्गा पूजा एवं गरबा महोत्सव का शुभारम्भ किया। ये गरबा महोत्सव 04 अक्टूबर, 2022 तक चलेगा।

गरबा महोत्सव में राजभवन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिजनों के अलावा लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे गुजराती भाई व बहनों ने गरबा महोत्सव में हिस्सा लेकर गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही, मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र तथा अन्य गणमान्य महानुभावों ने मां दुर्गा की आरती की। तत्पश्चात् प्रसाद का वितरण किया गया।

———

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (105/26)
सम्पर्क सूत्र–9453005360